TC- MPBIL02560

साप्ताहिक इंदौर फर्स्ट
दैनिक संघर्ष से सिद्धि
Jtv भारत इलेक्ट्रानिक एंड प्रिंट मीडिया नेटवर्क ग्रुप उज्जैन
7974826006, 8643056464
9575154444

# इंदौर फर्स्ट

डिजिटल
A Bilingual daily newspeper
दैनिक समाचार पत्र

वर्ष-03 अंक-[redacted] 104 | उज्जैन, शनिवार 31 मई 2025 | मूल्य- 5 रू. पृष्ठ-6

# प्रधानमंत्री मोदी 31 मई को लोकमाता देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में करेंगे शिरकत

# क्षिप्रा नदी पर 778 करोड़ के घाट निर्माण कार्यों का भोपाल से होगा वर्चुअल भूमि-पूजन

संजय जैन (सह-संपादक)
गिद्ध दृष्टि

संजय जैन,सह संपादक। उज्जैन । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी शनिवार 31 मई को लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300 वी जयंती पर भोपाल में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में शामिल होंगे। भोपाल के जम्बूरी मैदान में आयोजित महा सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री मोदी इंदौर मेट्रो तथा सतना एवं दतिया एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री क्षिप्रा नदी पर 778 करोड के घाट निर्माण कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी 483 करोड़ लागत के 1271 नवीन अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) की पहली किश्त का अंतरण भी करेंगे। उक्त महासम्मेलन में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय संस्कृति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शामिल रहेंगे। इस महासम्मेलन के आयोजन में केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय का भी महत्वपूर्ण समन्वय है। महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी लोकमाता देवी अहिल्या बाई को समर्पित डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। श्री मोदी आदिवासी, लोक और पारंपरिक कलाओं के क्षेत्र में एक महिला कलाकार को राष्ट्रीय देवी अहिल्याबाई पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सुशासन, महिला सशक्तिकरण और संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे।



## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जयंती

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में 31 मई 2025 को लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष में राज्य स्तरीय महिला महासम्मेलन का आयोजन भोपाल में किया जा रहा है ।लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर को महिला नेतृत्व, न्यायप्रियता और प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक माना जाता है, जिनसे प्रदेश की महिलाएं प्रेरणा लेती हैं। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर ने इंदौर को संवेदनशील, न्यायसंगत और सांस्कृतिक नगर के रूप में स्थापित किया। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के सुशासन के मंत्र को अपनाते हुए प्रदेश सरकार की कई योजनाएं लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि संचालित की जा रही है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में शिक्षा, धर्म, न्याय और महिला हितों को प्राथमिकता दी। प्रदेश की योजनाओं में भी इन्हीं मूल्यों को आधार बनाया गया है ।मध्यप्रदेश में हर वर्ष अहिल्याबाई की जयंती पर राजकीय कार्यक्रम, पुरस्कार और स्मृति समारोह आयोजित किए जाते हैं। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने काशी, गया, द्वारका जी, सोमनाथ, रामेश्वरम जैसे धार्मिक स्थलों पर मंदिर निर्माण कर धार्मिक एकता और सांस्कृतिक संरक्षण का कार्य किया। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर ने अपने शासन में जाति, वर्ग और लिंग के भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में काम किया। आज मध्यप्रदेश में समाजिक समरसता और समानता की नीतियों उन्हीं मूल्यों पर आधारित हैं।

## 300 रुपए का स्मारक सिक्का होगा जारी

31 मई को भोपाल में देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर महिला सम्मेलन होगा। पीएम मोदी देश का पहला 300 का स्मारक सिक्का जारी करेंगे। शुक्रवार को वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में गजट अधिसूचना भी जारी कर दी है। 35 ग्राम वजनी सिक्के में चांदी की मात्रा 50% होगी। एक तरफ अहिल्या बाई का फोटो होगा। ऊपरी तरफ हिन्दी तथा निचली परिधि पर अंग्रेजी में अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती लिखा होगा। बाएं और दाएं तरफ 1725-2025 लिखा होगा। दूसरी तरफ अशोक स्तम्भ के नीचे रुपए के प्रतीक चिह्न के साथ मूल्यवर्ग 300 लिखा होगा अशोक स्तम्भ के दाएं-बाएं हिंदी तथा अंग्रेजी में भारत लिखा होगा। यह देश-दुनिया में जारी होने वाला ऐसा पहला सिक्का होगा, जिसका मूल्यवर्ग 300 रुपए है ।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जंयती पर विशेष डाक टिकिट जारी करेंगे।

## भूमि पूजन और लोकार्पण

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को भोपाल से वर्चुअली उज्जैन में आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के लिए निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के द्वारा 778.91 करोड़ की लागत से घाट निर्माण का भूमि-पूजन किया जाएगा। यह निर्माण शनि मंदिर से लेकर नागदा बायपास तक 29 किलोमीटर लंबाई में होगा। 83.39 करोड़ की लागत से बैराज, स्टॉप डेम और वेंटेड कॉज-वे का भी भूमि-पूजन किया जाएगा, जो क्षिप्रा और कान्ह नदियों के जल प्रवाह को बनाए रखने में सहायक होंगे। नगर निगम द्वारा 1.39 करोड़ की लागत से कालियादेह स्टॉप डेम का मरम्मत कार्य भी शुरू किया जाएगा। ये जल संरचनाएं नदियों के जल स्तर को स्थिर रखकर श्रद्धालुओं और साधु-संतों के सुरक्षित स्नान के लिए बनाई जा रही हैं। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की समय सीमा 30 माह रखी गई है, ताकि सिंहस्थ महापर्व के दौरान सभी सुविधाएं पूरी तरह से उपलब्ध हो। यह परियोजना उज्जैन के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को और भी मजबूत करेगी। सिंहस्थ महापर्व में लाखों श्रद्धालुओं के लिए यह एक बड़ी सुविधा होगी।

## अल्पसंख्यक ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष सिद्दीक़ खान की माता जी के देहांत पर शौक संवेदना व्यक्त करने पहुँचे लोकप्रिय विधायक महेश परमार



अरशद जागीरदार तराना निप्र आज अनवर हुसैन मास्टर साहब,एवं अल्पसंख्यक कॉंग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सिद्दीक खान जी की माता जी का देहांत हो चुका था उसी संदर्भ में क्षेत्र के लाडले दबँग विधायक आदरणीय महेश जी परमार एवं ब्लाक कॉंग्रेस अध्यक्ष गजराज सिह जी,शहर कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष पवन बारोड जी,नगर परिषद उपाध्यक्ष कामिल कुरैशी, पार्षद सभापति शेख यासीन जी,पूर्व न.प.उपाध्यक्ष सुल्तान खान,पार्षद प्रतिनिधि टीपू सुल्तान कुरैशी,पूर्व किसान नेता कप्तान सिंह जी,विधानसभा युवा अध्यक्ष धर्मेंद्र गुर्जर,भेरू सिंह दायजी, महेश जी रावल,तोहिद शाह आदि उनके निज निवास पर शौक संवेदना व्यत करने समस्त कांग्रेस संगठन की टीम के साथ पहुँचे..! यह जानकारी शायर शाकिर खान द्वारा दी गई.!

## अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जयंती मनाने को लेकर धनगर गाडरी समाज की बैठक आयोजित

### आज हर्षोल्लास से मनाएंगे 300 वी जन्म जयंती



शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा। चित्तौड़गढ़।अखिल भारतीय धनगर गाडरी समाज द्वारा अहिल्याबाई होल्कर के जन्मोत्सव मनाने के उपलक्ष्य में आयोजित बैठक में गाडरी समाज के प्रबुद्ध जनों ने भाग लिया और समस्त गाडरी समाजजनों ने आज 31मई को राज माता देवी अहिल्याबाई होल्कर कि 300वीं जन्म जयंती को त्रिशताब्दी वर्ष के रूप में बडे ही हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय सर्व सहमती से लिया गया।इस दौरान गोपाल गाडरी प्रशासक निवर्तमान सरपंच सुवानिया, लेहरू बा गाडरी लक्ष्मीपुरा, जगदीश गाडरी मंडपिया, रतन गाडरी करतियास, कालू गाडरी सादी, शंकर गाडरी लक्ष्मीपुरा,रतन गाडरी सादी सहित समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। गाडरी समाज की आराध्य देवी लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर जन्मोत्सव आज 31मई 2025 को शारणेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में प्रात:10 बजे राज माता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी कि प्रतिमा पर समाजजन द्वारा माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर बडे ही हर्षोल्लास से मनाया जाएगा।

## चेक अनादरण के मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को 6 लाख रुपए के जुर्माना से दंडित कर 1वर्ष की सजा सुनाई

शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा। परिवादी सुरेश चंद खटीक पिता भेरूलाल खटीक निवासी गांधीनगर चित्तौड़गढ़ व अभियुक्त गिरिराज गर्ग पिता बृजमोहन गर्ग निवासी नगर पालिका कॉलोनी चितौड़गढ़, जो कि ध्रुव इन्फोटेक के प्रोपराइटर है दोनों के बीच अच्छी जान पहचान होने से अभियुक्त गिरिराज गर्ग ने परिवादी सुरेश चंद खटीक से एक बार और दिनांक 1.11.2013 को ?4,00,000 नकद उधार प्राप्त किया जिसकी अदायगी बदलें अभियुक्त ने अपने बैंक खाता कॉरपोरेशन बैंक शाखा चित्तौड़गढ़ का एक और चेक भरकर हस्ताक्षर करके परिवादी को सपुर्द किया। उक्त चेक को परिवादी ने भुगतान प्राप्ति हेतु अपने बैंक खाते में प्रस्तुत किया, लेकिन परिवादी को बिना भुगतान के उक्त चेक अनादरित हो गया। इस पर परिवादी ने अपने अधिवक्ता एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा, राजेंद्र सिंह चौहान, सत्यनारायण माली के माध्यम से नियमानुसार अभियुक्त को नोटिस प्रेषित बावजूद नोटिस अभियुक्त ने परिवादि को भुगतान नहीं किया। इस पर परिवादी ने न्यायालय विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट एन आई एक्ट प्रकरण चित्तौड़गढ़ में परिवाद प्रस्तुत किया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट एन आई एक्ट चित्तौड़गढ़ के पीठासीन अधिकारी रितिका श्रोती ने दोनों पक्षों के तमाम गवाह सबूत दस्तावेज बहस का अवलोकन करते हुए उक्त प्रकरण का निस्तारण करते हुए अभियुक्त गिरिराज गर्ग को धारा 138 नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अपराध के तहत दोषी घोषित कर अभियुक्त को 6 लाख रुपए के अर्थ दंड से दंडित करते हुए 1 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। अदम आदाएगी दो माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई।

इसी तरह अभियुक्त ने परिवादी से इस लेनदेन से पूर्व भी दिनांक 1 अगस्त 2013 को परिवादी सुरेश चंद्र खटीक से ?5,00,000 नकद प्राप्त किया जिसकी अदायगी के बदले भी अभियुक्त ने अपने बैंक खाते का चेक दिया जो अनादरित हो जाने पर न्यायालय विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट एन आई एक्ट प्रकरण चित्तौड़गढ़ के पीठासीन अधिकारी रितिका श्रोती ने दिनांक 22 जनवरी 2025 को भी अभियुक्त गिरिराज गर्ग को?8,00,000 के अर्थ दंड से दंडित करते हुए 1 वर्ष 6 माह के कारावास की सजा सुनाई, अदम अदायगी 3 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई थी।

## बड़वानी परिवहन चौकी पर अवैध वसूलीः दो आरक्षक देवेंद्र दांगी और नरेंद्र बरखेड़े को आयुक्त ने किया निलंबित



( साजिद राजधानी )मध्यप्रदेश के परिवहन चौकी बड़वानी पर अवैध वसूली करने वाले दो आरक्षकों पर निलंबन की गाज गिरी है। आरक्षक देवेंद्र दांगी और नरेंद्र बरखेड़े को परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा ने निलंबित कर दिया है। दोनों के खिलाफ परिवहन चौकी पर अवैध वसूली की शिकायत मिली थी। जांच के बाद शिकायत सही पाए जाने पर दोनों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है।

## उप जिला चिकित्सालय निर्माण को लेकर पूर्व राज्यमंत्री जाड़ावत के नेतृत्व में बस्सी ग्रामीण मंडल द्वारा धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा



शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा। राजस्थान सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र के बस्सी में स्वीकृत एवं शिलान्यास हुए 32 करोड़ रुपए लागत वाले उप जिला चिकित्सालय के निर्माण को लेकर प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के मुख्य आतिथ्य में बस्सी बस स्टेंड पर धरना प्रदर्शन आयोजित हुआ, अध्यक्षता चित्तौड़गढ़ विधानसभा प्रभारी नगेंद्र सिंह राठौड़ ने की, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम जाट, बस्सी मंडल अध्यक्ष दिनेश सोनी थे। धरने के पश्चात पैदल मार्च करते हुए पूर्व मंत्री के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने तहसील तक पहुंचकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कहा की सत्तापरिवर्तन हुए 1 वर्ष 6 माह हो चुके है किन्तु जमीन विवाद का समाधान नहीं होने से उपजिला चिकित्सालय का निर्माण कार्य अधरझूल में अटका हुआ है जो आमजन के लिहाज से अत्यंत चिन्ताजनक बात है।चिकित्सा जैसे विषय पर राजनीति किया जाना कतई उचित नहीं है, यह पूरा अनुसुचित जाति, अनुसुचित जन जाति, पिछडा व विशेष पिछडावर्ग बाहुल्य क्षेत्र है व दुर्गम पहाडी क्षेत्र के लोगों के लिए संजीवनी के समान है किन्तु इस प्रकार की उपेक्षा से पूरे क्षेत्र में निराशा व रोष व्याप्त है।

प्रवक्ता नवरतन जीनगर ने बताया की मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री जाड़ावत ने अपने संबोधन में स्वीकृत उप जिला चिकित्सालय निर्माण में हो रही देरी को लेकर क्षेत्रिय जनप्रतिनिधियो को आड़े हाथों लेते हुआ कहा की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में जमीन चिन्हित कर आवंटित होकर निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यादेश तक जारी कर दिया गया था जिससे आस पास के क्षेत्र वासियों को चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलता, जमीन चिन्हित करने से कोई विवाद है तो अन्य स्थान पर चयन कर निर्माण होना चाइए था, किन्तु स्थान को लेकर निर्माण कार्य को डेढ़ साल से अटका रखा है जनहित में नही है आप बस्सी को कोई सौगात नही दिला सकते तो स्वीकृत जनहित के कार्यो को अपने राजनीतिक खींचतान को लेकर अटका कर मत रखो। उन्होंने कहा की इस महत्वपूर्ण उप जिला चिकित्सालय का कार्य शुरू नही हो पाया जबकि 22 डॉक्टर तक की स्वीकृति जारी हो गई थी तथा हाल ही में सरकार द्वारा बस्सी में 28 स्थाई नर्सिंग कर्मियों की नियुक्ति हुई है, उप जिला चिकित्सालय भविष्य में जिला चिकित्सालय में परिवर्तित हो जाता। उन्होंने कहा की जनभावना को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस द्वारा धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर संगठन महामंत्री लादू लाल धाकड़, भेरूदास बैरागी, शिवप्रकाश मूंदड़ा, बंशीलाल मूंदड़ा, देवीलाल धाकड़, शांतिलाल धाकड़, नारायण लाल कुमावत, रामलाल धाकड़, शंभुलाल जाट सरपंच मोहनलाल धाकड़, जितेंद्र रेगर, रघुवीर सिंह, देवीलाल पाल लालू राम धाकड़, विनोद धोबी, शैतान सिंह, हैप्पी सिंह नगरी, भरत धाकड़, पूर्व सरपंच फूलचंद धाकड़, आजाद जाट, भगवत सिंह, युवराज सिंह नेगड़िया, विशाल सोनी, संजय तेली, गंगाराम पटेल, रतनलाल गुर्जर, उदयलाल रैगर, सतीश सुहालका, संजय राव, देवकिशन जाट, रामेश्वर माली, महावीर सिंह, गजपाल सिंह, ओमप्रकाश तेली, भेरूसिंह केलझर, गोवर्धन जाट, प्रीतम जाट, पूर्व सरपंच रामलाल भील, दीपक जोशी, दर्पण शर्मा, विनोद खटीक मोहम्मद अली रफीक कंडक्टर, इरफान बरकाती, भानु प्रताप सिंह, रोनी खटीक, ख्यालीलाल कुमावत, अहमद हुसैन मंसूरी, मुकेश गाडरी, संचालन रफीक सर ने किया।

## तराना जैन समाज के कार्यक्रम में कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल थावरचंद गहलोत हुए सम्मिलित



अरशद जागीरदार तराना– कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल थावर चंद गहलोत, राज्य मंत्री गौतम टेटवाल एवं सांसद अनिल फिरोजिया एवं भाजपा जिला अध्यक्ष विशेष कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रेस्ट हाउस पर एकत्रित हुए सर्किट हाउस पर सभी नेता एकत्रित हुए राष्ट्रीय एवं प्रदेश के नेताओं का तराना के समाजसेवियों एवं नेताओं ने महामहिम राजपाल, मंत्री, सांसद जिला अध्यक्ष का नगर आगमन पर दिल से स्वागत किया एवं मुलाकात की उसमें शेर सिंह राठौड़ डॉक्टर मदन चौहान नंदराम जाट, धर्मेंद्र बोडाना, रामप्रसाद पटेल एवं सैकड़ो समाजसेवी एवं नेताओं ने मुलाकात करके चर्चा की एवं वह जैन समुदाय के धार्मिक प्रोग्राम में सम्मिलित हुए वहां पर भी उनके हजारों लोगों ने स्वागत अभिनंदन वंदन किया।

# जब कलम बोलती है, तब सत्ता भी सुनने को मजबूर होती है

**हिंदी पत्रकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**



**कन्हैयालाल चौकीकर, जिला संगठन मंत्री, राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरूकता संगठन भारत**
**ब्यूरो चीफ राकेश सिंह**
**8226096301**

बैतूल! 30 मई हिंदी पत्रकारिता दिवस के इस पावन अवसर पर हम उन सभी पत्रकारों को कोटिशः नमन करते हैं, जो निडरता, निष्पक्षता और निष्ठा के साथ समाज की नब्ज पर उंगलियां रखते हैं। वे पत्रकार जो सत्ता के गलियारों में गूंजती फुसफुसाहटों को भी जनता की आवाज़ बना देते हैं। वे कलम के सच्चे सिपाही, जो अंधकार में भी सत्य की मशाल लिए रास्ता दिखाते हैं।

पत्रकारिता अब केवल खबर लिखने तक सीमित नहीं रही, यह अब समाज को दिशा देने वाला एक मिशन बन चुकी है। जब शब्द विचार बनते हैं और विचार जनचेतना का रूप लेते हैं, तब एक पत्रकार का हर अक्षर बदलाव की चिंगारी बनता है।

आज जब सूचनाओं की बाढ़ में सत्य धुंधलाता जा रहा है, जब अफवाहें तथ्यों पर भारी पड़ने लगी हैं, ऐसे समय में पत्रकारों की सजग दृष्टि और निर्भीक लेखनी दीपशिखा बनकर समाज को मार्ग दिखा रही है। यही वह कलम है, जो उन आवाज़ों को मंच देती है जिन्हें कोई नहीं सुनता, और उन अन्यायों को उजागर करती है जिन्हें देखने से सब कतराते हैं।

पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं, लेकिन यह स्तंभ केवल खड़ा ही नहीं है, यह संघर्षरत है। हर सत्ता से सवाल करता है, हर नीति की तह में जाकर जनहित की परख करता है। पत्रकारों की यह निष्ठा ही उन्हें सामान्य नहीं, विशेष बनाती है। इस हिंदी पत्रकारिता दिवस पर मैं उन सभी पत्रकारों के प्रति अपनी हार्दिक श्रद्धा, सम्मान और शुभकामनाएं अर्पित करता हूं, जो सत्य की राह पर अडिग हैं। आपकी कलम समाज की शक्ति है। आपकी संवेदनशीलता, इस देश की आत्मा है। और आपका संकल्प, इस राष्ट्र का संबल।

## सिकल सेल रोगी मरीजों का शिविर आयोजन किया गया



**संजय राठौड़ जिला ब्यूरो** अलीराजपुर- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेन्द्र सुनहरे ने बताया कि ब्लॉक कार्यालय अलीराजपुर द्वारा सिकल सेल रोगी मरीजों का शिविर आयोजन किया गया। जिसमें रोगी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सिकल सेल रोगी मरीजों 0 से 20 वर्ष के है। उन्हें न्यूमोकोकल वैक्सीन लगाई गई एवं सिकल सेल कार्ड, फालोअप कार्ड एवं छूटे हुए चिन्हित मरीजों का विकलांगता प्रमाण पत्र बनाए जाने की कार्यवाही की गई है। इस शिविर में मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रेम प्रकाश पटेल, क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष सोंलकी ,ब्लॉक यूनिट से बीपीएम, बी.ई.ई सेक्टर सुपरवाईजर, सीएचओ, ए.एन.एम, आशा पर्यवेक्षक तथा आशा कार्यकर्ता की उपस्थिति में संपन्न किया गया।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया



**धर्मेंद्र सोलंकी** बाग - दिनांक 28/05/025 मुख्य विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में ब्लॉक बाग के गवली मोहले की आंगनवाड़ी वार्ड क्रमांक 4 में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षा विभाग से अनीता सोलंकी वोकेशनल ट्रेनर , व स्वास्थ्य विभाग से राजकुर चौहान पोषक प्रशिक्षक ,संदीप सूर्यवंशी राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम परामर्शदाता , बी सी एम डॉ सुरेखा परिहार के सामूहिक प्रयास से वार्ड की समस्त किशोरी बालिकाएं ,नव विवाहित महिला ,गर्भवती महिला ,धात्री माताएं आई , सभी के द्वारा

इस विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस विषय पर डॉ सुरेखा परिहार के द्वारा इस विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की मासिक धर्म में हार्मोन के बदलाव शारीरिक बदलाव,इस दौरान स्वच्छता बनाए रखना स्वच्छ उत्पादों के प्रयोग किस प्रकार करना, आम तौर पर मासिक धर्म 2से 7दिन तक रहता हे सांस्कृतिक रूप से प्रचलित धारणाओं का खंडन करते हुए शैक्षणिक रूप से प्रकृति प्रदत व्यवस्था को बेहतर तरीके से कैसे समस्या का समाधान कर सकते हे तथा बताया गया कि इस दौरान चिड़चिड़ापन हार्मोन में बदलाव शरीर में दर्द जैसी समस्या रहती हे समय पर चिकित्सकीय परामर्श के द्वारा समस्या का समाधान किया जा सकता हे सभी को खानपान स्वच्छता,पौषण आहार पर विस्तार से चर्चा की गई , कार्बोहाइड्रेट ,प्रोटीन , वसा विटामिन खनिज लवण एवं जल के बारे में जागरूक किया ।

# कैडेट्स ने एक स्वर में कहा - वन्स अ कैडेट आलवेज अ कैडेट




स्कूल आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी, विक्रम विश्वविद्यालय के परिसर में चल रहे 2 म.प्र. एनसीसी, उज्जैन के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन छात्र सैनिकों ने मानव शरीर संरचना को गहराई से जाना। कैडेट्स ने ड्रिल का अभ्यास करते हुए ड्रिल के वाचिक आदेशों को जाना। इस अवसर पर एनसीसी के लक्ष्य एवम् उद्देश्यों को भी अच्छे से समझा। मानचित्र पठन प्रक्रिया के अन्तर्गत ग्रिड प्रणाली पर विशेष ध्यान देकर अभ्यास कराया गया। मीडिया से बातचीत में छात्रसैनिकों ने बताया कि हमारी पहली प्राथमिकता देश का सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा बनना है। हमें एनसीसी के माध्यम से कठोर अनुशासन एवम् एकता की शिक्षा प्राप्त होती है। साथ ही सैन्यजीवन का हिस्सा बनने का अवसर प्राप्त होता है। कैडेट्स ने कहा जो एक बार कैडेट बन गया उसके अन्दर इस प्रकार देश-प्रेम और अनुशासन ऐसा स्थापित जाता है कि वो जीवन के किसी भी क्षेत्र में हमेशा अनुशासित रहते हुए देश सेवा करता है। इस अवसर पर कैम्प कमाण्डेंट लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव थापा द्वारा समस्त एएनओ एवं पीआई एवं सिविल स्टाफ के समक्ष छात्र सैनिकों को सम्बोधित किया गया।

# नगर परिषद बिस्टान पर कॉग्रेस ने घोटाले के लगाए आरोप...



**राजू सोनी -9977226352** खरगोन जिले की नगर परिषद बिस्टान पर कांग्रेस ने घोटाले के आरोप लगाते हुए स्छरू को शिकायती आवेदन दिया। जिला कांग्रेस कमेटी ने नगर परिषद बिस्टान पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा के नगर परिषद में स्वच्छता के नाम पर विगत दो सालों में 1 करोड़ 43 लाख खर्च बताया है। हाई मास्क लाइट की कीमत 3 लाख से 4 लाख की कीमत होने पर उन्हें परिषद ने 8 लाख से 9 लाख के लगभग में खरीदे। ऐसे ही 29 लाख में फायर फाइटर खरीदा जबकि बाजार मूल्य 22 लाख होना बताया । कचरा वाहन खरीदी,वृक्षारोपण और आवास योजना के नाम पर भी धांधली के आरोप लगाए। इस मुद्दे को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक बिष्टान नगर परिषद में कांग्रेस के पार्षद दल के साथ करीब एक वर्ष पूर्व खरगोन कलेक्टर महोदय से मिले थे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाइक के द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया के यह खुलासा ऋह्न्ड्ढ के तहत प्राप्त हुई जानकारी से सामने आया है। पूरे मामले की जांच के लिए स्छरू को आवेदन आवेदन दिया है। नगर परिषद द्वारा किए गए भ्रष्टाचार पर जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो हम उग्र आंदोलन करेंगे। आवेदन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाइक,भगवानपुरा विधायक केदार डावर,के साथ परिषद के कांग्रेस पार्षदों मौजूद रहे। पूरे मामले की जानकारी हेतु पूर्व सीएमओ बद्रीलाल पुरविया से दूरभाष से चर्चा की तो साहब ने ट्रांसफर का हवाला देते हुए पल्ला झाड़ लिया। पूर्व सीएमओ साहब ने कहा के सभी फाइल परिषद में ही है । आमंत्रित दर के अनुसार और सक्षम अधिकारियों की स्वीकृति के बाद ही खरीदी हुई है। जबकि नगर परिषद अध्यक्ष डेम सिंग नार्वे को कॉल किया तो उन्होंने कॉल अटेंड नहीं किया। अब पूरे मामले पर कांग्रेस उग्र है और जल्द कारवाही की मांग कर रही हैं। जांच के बाद होगा बड़ा खुलासा...? या समझौते में निपटेगा खेल...? पूरे प्रकरण में नगर परिषद बिस्टान के दामन पर दाग तो लगे हैं अब देखना है कैसी और किस पर होगी कार्यवाही?

## राजस्थानी टी-सीरीज के गाने उमराव थारी बोली प्यारी से की चित्तोड़गढ़ की बहू खुशबु ने अपने अभिनय की शुरूआत




**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा।अभी रिलीज हुए राजस्थानी टी-सीरीज के सोंग एलबम में मुख्य भूमिका के रूप में चित्तौड़गढ़ की सुखवाल समाज की बहु खुशबु सुखवाल ने अपना अभिनय कर गौरवान्वित किया।**

**उमराव थारी बोली प्यारी नाम से जारी राजस्थानी टी-सीरीज के इस एलबम में जारी यह गीत राजस्थानी संस्कृति और प्रेम की अमर कहानी को बयां करता है। ऋषि सिंह सिसोदिया द्वारा निर्देशित इस गीत में सुवर्णा तिवारी ने अपनी आवाज दी।**

**इन्दौर शहर के सामान्य परिवार में जन्मी खुशबू सुखवाल का बचपन से ही अभिनय क्षेत्र में जाने का सपना रहा है। चित्तौड़गढ़ में विवाह के पश्चात पति दिलखश सुखवाल सहित सम्पूर्ण परिवार की प्रेरणा और सहायता से खुशबू ने मॉडलिंग में कदम रखा और सोशल मीडिया पर राजस्थानी संस्कृति को प्रजेन्ट किया। कई वीडियो मिलियन्स में वायरल भी हुए और इसी के परिणाम से राजस्थानी टी-सीरीज की एलबम में अभिनय का मौका मिला जिसे उनके अनुसार उन्होंने बखूबी निभाया। यह गीत पारंपरिक लोक धुन और आधुनिक संगीत का एक ऐसा संगम है जो हर उम्र के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देगा। इस सफलता के लिए खुशबु ने लीला आगाल द्वारा किये गये सहयोग पर आभार जताया।**

# हिंदी पत्रकारिता की विश्वसनीयता भारतीय लोकतंत्र को मजबूती दे रही है- डीआईजी नवनीत भसीन

**हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सिटी प्रेस क्लब ने किया वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान**

**डीआईजी, कुलपति, निगम अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पत्रकार हुए शामिल**



उज्जैन। हिंदी पत्रकारिता का इतिहास 200 वर्ष पुराना है आज के बदले परिदृश्य में भी यह भारतीय लोकतंत्र को मजबूती दे रही है। पत्रकारों को चाहिये कि वे देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभायें।

यह उद्गार डीआईजी नवनीत भसीन ने सिटी प्रेस क्लब द्वारा होटल विक्रमादित्य में आयोजित वरिष्ठ पत्रकारों, संपादकों एवं फील्ड रिपोर्टरों के सम्मान समारोह में व्यक्त किये। श्री भसीन ने कहा कि बदले परिदृश्य में मीडिया और पत्रकारिता में भी बदलाव आया है लेकिन हिंदी समाचार पत्रों में छपी खबरों को भारतीय जनमानस विश्वास की निगाह से देखता है। कुलपति प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि भले ही सोशल मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का प्रभाव बड़ा लेकिन हिंदी समाचार पत्रों की संख्या कम नहीं हुई, आज भी व्यक्ति जब उठता है तो उसे सुबह समाचार पत्र की आदत बनी हुई है। यह दर्शाता है कि हिंदी पत्रकारिता भारतीय समाज की रीढ़ है। आपने कहा कि समाज के विकास में पत्रकार निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। नगर निगम सभापति कलावती यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि उज्जैन से बड़ी संख्या में हिंदी समाचार पत्र प्रकाशित होते हैं और इनके पाठकों की संख्या भी लाखों में है। हिंदी पत्रकारिता समाज को आईना दिखा रही है, जो उसका कार्य भी है। आपने कहा कि वर्ष में जिस दिन अखबार नहीं आता उस दिन सुबह या दोपहर में बड़ा अटपटा सा लगता है। सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष शैलेंद्र कुल्मी ने प्रारंभिक उद्बोधन में कहा कि पत्रकारिता का क्षेत्र चुनौतियों से भरा हुआ है। सच्चा पत्रकार वही है जो गलत को गलत कहे, सही को सही आपने युवा पत्रकारों से आव्हान किया कि वे बैखौफ होकर रिपोर्टिंग करें और समाज हित में कुरीतियों पर एवं गलत कार्यों पर अपनी लेखनी से प्रहार करें। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं सिटी प्रेस क्लब के संरक्षक रमेश दास का 55 वर्ष की पत्रकारिता के परिणाम स्वरूप सारस्वत सम्मान किया गया। दैनिक उज्जैन सांदीपनि के संपादक स्व. देवेंद्र जोशी का पिछले दिनों आकस्मिक निधन हो गया था उनकी स्मृति को याद करते हुए उनकी धर्मपत्नी सीमा जोशी एवं पुत्र अपूर्व जोशी को पत्रकारिता सम्मान दिया गया। इस अवसर पर 1975 से साप्ताहिक जनसमर्थन का प्रकाशन कर रहे वरिष्ठ पत्रकार गोपाल भार्गव को पत्रकारिता सम्मान दिया गया। कार्यक्रम के दौरान एसएन शर्मा के लंबे पत्रकारिता जीवन तथा उनके पत्रकारिता में योगदान के कारण सम्मानित किया गया। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर सिटी प्रेस क्लब द्वारा दैनिक प्रसारण के 24 वर्षों से संपादक संजय माथुर, संदीप पांडला, मासिक वन माली पत्रिका के संपादक गजानंद रामी, शैलेष व्यास, प्रवीण नागर, अजय पटवा, प्रेस फोटोग्राफर अशोक मालवीय, मोरेश्वर राव उलारे, दिनेश सोलंकी, निलेश मालवीय को पत्रकारिता सम्मान दिया गया। संचालन डॉ. सचिन गोयल ने किया एवं आभार राजेश कुल्मी ने माना। इस अवसर पर सचिव कमल चौहान, कोषाध्यक्ष सचिन कासलीवाल, असलम खान, धर्मेंद्र राठौर, निलेश तगारे, मयूर अग्रवाल, अरविंद देवधरे, राज जोशी, जितेंद्र राठौर सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## इशिका रावत को सुयश



**धर्मेंद्र सोलंकी** बाग - इशिका रावत D/o श्री नारायण जी रावत को CLAT E&am 2025 को क्रैक करने की और धर्मशास्त्र नेशनल युनिवर्सिटी मिलने की बहुत बहुत बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामना । पूरे देशभर में मात्र 26 युनिवर्सिटी में से प्रवेश मिलना बहुत बड़ी उपलब्धि है । इशिका रावत आपने धार जिले के एक छोटे से गांव टांडा में रहते हुए बाग की सिटी कॉन्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल से अपनी 12 वी तक की पढ़ाई मैथ्स संकाय के साथ की है। अपनी कड़ी मेहनत और अपने लक्ष्य के प्रति लगनशीलता से यह बहुत बड़ा मुकाम हासिल किया है। आपकी यह सफलता ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चो को संबल और आत्मविश्वास प्रदान करेगी । सिटी कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल परिवार अपनी इस लाडली बिटिया को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाए प्रेषित करता है

## भाषण संप्रेषण कला पर महाविद्यालयों में कोर्स प्रारंभ हो।



बियांड मैडिसिन श्रृंखला में अरिहंत अस्पताल में वक्तृत्व कला पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शहर के दिग्गज चिकित्सकों व वक्ताओं ने भाग लिया। मानव जाति ने लाखों वर्ष पूर्व बोलना सीखा और क्रमशः भाषा, बोलने के तौर तरीकों, आदि में उपयोग आधारित आवश्यकतानुसार परिमार्जन होता गया। ओजस्वी वक्ताओं द्वारा पूर्व में भी क्रांतियां, युग परिवर्तन संभव हुआ है और आज भी इसकी उपयोगिता व्यवसाय, मोटिवेशन, अंतरराष्ट्रिय संबंधों, विज्ञान आदि सभी क्षेत्रों में बनी हुई है। डॉ संजय लौंढ़े ने सही उच्चारण, अच्छी भाषा, गीत कवित, आदि को संप्रेषण में प्रभावशाली बताया। सही उपयोगी बात सुनने वालों तक पहुँचाना उद्देश्य है। डॉ अरविंद पंचौलिया ने वैज्ञानिक भाषण की तैयारी, समय पाबंदी, स्पष्ट संप्रेषण, संक्षिप्त सुझाव आदि की महत्ता बताई। डॉ शैलेंद्र भंडारी ने वैश्विक परिदृश्य में स्वास्थ्य व अन्य चेतना जागरण में वाणि की महत्ता को परिभाषित किया। श्रोताओं की आवश्यकतानुसार वक्ता को अपने वक्तव्य में त्वरित परिवर्तन, हास परिहास, हल्के क्षणों का उपयोग करने पर जोर दिया। श्री वीरेंद्र जैन ने श्रोताओं की उत्तमता को आवश्यक बताया। अच्छा सुनना, समझने के लिए जरूरी है जो परिवर्तन और कार्य में परिणीत होता है। भाषण-संप्रेषण कला पर स्कूल और महाविद्यालयों में कोर्स प्रारंभ करने की आवश्यकता बताई। डॉ शिखर जैन ने सभा का संचालन किया। सभी उपस्थित समुदाय द्वारा श्रोता उर्जा के उत्तम प्रदर्शन पर सभा समाप्त हुई।

# इंदौर में निःशुल्क घुटना प्रत्यारोपण शिविर 8 जून को

### 108 मरीजों के घुटना प्रत्यारोपण का लक्ष्य, पंजीकरण प्रारंभ



जनसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्वर्णिम फ़ाउंडेशन , श्री सांईबाबा मंदिर संस्थान और नीमा ट्रस्ट द्वारा 8 जून 2025, शनिवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक इंदौर स्थित यूनिक हॉस्पिटल (दशहरा मैदान के सामने) में निःशुल्क घुटना प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से उन जरूरतमंद मरीजों को राहत प्रदान की जाएगी, जो लंबे समय से घुटनों की बीमारी, जोड़ों के दर्द या चलने-फिरने में तकलीफ जैसी समस्याओं से पीड़ित हैं और महंगे ऑपरेशन का खर्च वहन करने में असमर्थ हैं। इस आयोजन की जानकारी देते हुए स्वर्णिम फ़ाउंडेशन के संस्थापक श्री वीरेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि शिविर के लिए अग्रिम पंजीकरण शुरू हो चुके हैं। इच्छुक मरीज टोल फ्री नंबर 1800-233-0239 पर संपर्क करके या संस्था के कार्यालय क्र 165 आरएनटी मार्ग, श्री साँईबाबा मंदिर संस्थान, छत्रीबाग, इंदौर पर पहुँचकर पंजीकरण करवा सकते हैं। साँईबाबा संस्थान के अध्यक्ष श्री सुनील कुमार जैन और स्वर्णिम फ़ाउंडेशन के अध्यक्ष श्री विवेक शारदा जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि इस शिविर में कुल 108 घुटना प्रत्यारोपण ऑपरेशनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी ऑपरेशन जाने माने अस्थिरोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद नीमा और उनकी चिकित्सकीय टीम द्वारा किए जाएंगे। शिविर में आने वाले सभी मरीजों की पूर्व जांच, ऑपरेशन, दवाइयाँ और अस्पताल में रहने तथा भोजन की समुचित व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क की जाएगी। यह सेवा समाज के उन वर्गों तक पहुँचाने का प्रयास है जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि इस सेवा का अधिक से अधिक प्रचार करें ताकि ज़रूरतमंद लोग इस अवसर का लाभ उठा सकें।

# रात्रि चेकिंग के दौरान अंतर्राज्यीय चोरो को देसी पिस्टल मय जिन्दा राउन्ड के चोरी की मोटर सायकल सहीत रिंगनोद पुलिस ने किया गिरफ्तार

**उपेंद्र पाटोदिया ब्यूरो**
**9926809786**






पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा जिले के सभी अधिकारियों को रात्रि चेकिंग एवं रात्रि गश्त के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निदशन मे एवं अति. पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में जिले के सभी प्रवेश मार्ग पर विशेष चेकिंग पॉइंट्स लगाए गए है।

चेकिंग के दौरान एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी रिंगनोद आनंद आजाद के नेतृत्व में दिनांक 29.0.2025 को वाहन चैकिंग के दौरान माननखेडा टोल के पास जावरा तरफ मोटर सायकल क्र MP04 VC4836 से आ रहे दो व्यक्तियो को चैक किया चैक करते वाहन चालक की जिंस पेंट की जेब से एक अवैध देसी पिस्टल व (5 जिन्दा राउण्ड मिले। आरोपियो से पुछताछ से पता चला कि आरोपी हैदर पिता मज्जफर इकबाल उम्र 31 साल नि. धरमकुंज कालोनी सगोर कुट पीथमपुर जिला धार व मोहन पिता कालूभील उपर2। साल नि. टाडा जिला हाल मु. 317 किशनगंज थाना किशनगंज जिला इन्दौर द्वारा भंवरुँआ जिला इन्दौर से उक्त मोटर सायकल चोरी क सांवलियाजी तरफ जा रहे थे। ई रक्षक ऐप की मदद से आरोपियों के फेस डिटेक्शन करवाए जाने एवं सीसीटीएनएस शाखा की मदद से आई सी जे एस पोर्टल पर आरोपी हैदर के आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी प्राप्त हुई। आरोपियो के आपराधिक रिकार्ड देखने पर पाया कि आरोपी हैदर पिता मुजफ्फर इकबाल पर प्रदेश के अलग अलग थानो पर कुल 26 अपराध पंजीबद्ध है जिसमे से 23 अपराध चोरी के है। आरोपियो से पिस्टल व राउ्ड के संबंध मे पूछताछ की जा रही है।

**गिरफ्तार आरोपी** - 1. हैदर पिता मज्जफर इकबाल उ 3। साल नि. धरमकुंज कालोनी सगोर कुरी पीथमपुर जिला धार 2. मोहन पिता कालू भील उम्र21 साल नि, टाण्डा जिला हाल मु.-317 किशनगंज थाना किशनगंज.जिला इन्दौर

जप्त मश्रुका- एक देशी पिस्टल मय 05 जिन्दा राउन्ड व एक होंडा कम्पनी की सीबी हार्नेट 160 आर मोट सायकल कीमती कुल 85,000/- सराहनीय भुमिका - निरीक्षक आनन्द सिंह आजाद उनि राजेश मालवीय, प्र.आर कुलदीप सिंह, आर घनश्याम कुमावत आर. संतोष वाघेला, आर, अनिल डांगी आर. लोमेश शर्मा (सीसीटीएनएस शाखा), एवं सैनिक जालमसिंह की स्राहनीय भुमिका रही है

# प्रसादी में घुला सेवा भाव, रामायण पाठ में बही श्रद्धा की सरिता

## श्री बालाजी प्रभात जन सेवा समिति ने बांटी खीर–लड्डू की प्रसादी, मंदिरों में गूंजे जयकारे





घुवारा शनिदेव अमावस्या और अखंड रामायण पाठ के पावन अवसर पर श्री बालाजी प्रभात जन सेवा समिति ने नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं को खीर व लड्डू की प्रसादी वितरित कर धर्म, सेवा और भक्ति का अनुपम संगम प्रस्तुत किया। बता दे की शनिदेव मंदिर, माता मढिया मंदिर, चीरा बाबा मंदिर सहित अन्य पावन स्थलों पर सुबह से ही भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। वातावरण में रामायण की चौपाइयों की दिव्यता, भजन–कीर्तन की मधुर धुन और प्रसादी की सोंधी महक ने श्रद्धा और आस्था का अद्भुत रंग भर दिया। तो वही समिति उपाध्यक्ष विजय चंदू कोरी ने बताया कि समिति वर्षो से जनसेवा और धर्म कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। हमारा उद्देश्य केवल प्रसादी देना नहीं, बल्कि सेवा के माध्यम से समाज को जोड़ना है,वरिष्ट समाज सेवी गोविंद साहू और विशेष साहू ने बताया कि हर वर्ष शनिदेव अमावस्या के दिन समिति द्वारा भक्ति व सेवा का यह आयोजन किया जाता है। यह परंपरा नहीं, आत्मिक तृप्ति है। वही इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के सक्रिय सदस्य राजेश फुसकेले, रामेश्वर फोटोग्राफर, मुरलीधर मामा, शिवराम पटेल, अमित सैनी, कालूराम मासाव, यशवंत साहू, माधव मासाव, डी. के. फोटोग्राफर, कचौरी मामा, एवं गोलू ड्राइवर का विशेष सहयोग रहा। इन सभी ने पूरी निष्ठा और प्रेम के साथ श्रद्धालुओं को खीर–लड्डुओं की प्रसादी वितरित की। भक्तों ने श्रद्धा के साथ प्रसादी ग्रहण कर समिति के प्रयासों की सराहना की। अखंड रामायण पाठ की दिव्यता ने श्रद्धालुओं के हृदयों को छू लिया। मंदिरों में दीपों की रौशनी, भजन–कीर्तन और 'जय श्रीराम' व 'जय शनिदेव' के जयकारों ने जैसे नगर को धार्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। समिति ने आगामी समय में और भी धार्मिक एवं सामाजिक सेवा कार्य करने का संकल्प लिया है।

## कब्रो को नुकसान पहुंचाने के लिए नाली खोदकर घरों का गंदा पानी कब्रिस्तान में छोड़कर कब्रो को अपवित्र को लेकर मुस्लिम समाज मे रोष

### समस्त सुन्नी मुस्लिम समाज ने सौंपा ज्ञापन





जुबेर अहमद धरियावद 9001885006 धरियावद–समस्त सुन्नी मुस्लिम समाज धरियावद की और से उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि कब्रिस्तान के पूर्व उत्तर दिशा की ओर कृषि उपज मंडी की जमीन है। पीडब्ल्यूडी ने गांव के गंदे पानी के निकासी के लिए नाली बनाकर अधूरी छोड़ दी है। जिससे आगे नाली को पूर्व दिशा की ओर मोड़कर लेकर कच्ची खुदाई कर उत्तर से दक्षिण की ओर होते हुए पूर्वी दिशा की ओर मोड़कर पुन: दक्षिण में मोडकर कब्रिस्तान के बरसाती पानी निकालने की जगह मोखी पर लाकर छोड़ दी है। उक्त कार्य जेसीबी से करवाया गया। अधूरे निर्माण कार्य को लेकर कहने पर वापस नाली को बन्द नही किया है। कुछ लोग जानबूझकर गांव की शांति व सद्भावना को भंग करना चाहते है। जिससे आपसी सौहार्द ख़राब हो। और कब्रिस्तान की कब्रो को अपवित्र कर नुकसान पहुंचाना चाहते है।मुस्लिम समाज ने मांग की है कि ऐसे लोगो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जावे व नाली को बंद कराकर कब्रो को नुकसान पहुंचाने व अपवित्र होने से बचाया जावे। ज्ञापन में सैंकड़ो की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग सम्मिलित हुए।

## महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठकआज दिनांक 30 मई 2025 को कुलपति प्रो. विजय कुमार सी.जे. की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कुलसचिव श्री दिलीप सोनी सहित कार्यपरिषद के अन्य सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही।



बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय सर्वानुमति से लिए गए मध्यप्रदेश में शराबबंदी पर सीएम अभिनंदन :- कार्यपरिषद सदस्य श्री गौरव धाकड़ द्वारा मध्यप्रदेश सरकार की धार्मिक नगरों में पूर्ण शराबबंदी के निर्णय का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अभिनंदन पत्र भेजने का प्रस्ताव रखा गया। यह प्रस्ताव सर्वानुमति से पारित हुआ। साथ ही, विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से डिजिटल जन–अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।
आध्यात्मिक स्थल प्रबंधन में एम.बी.ए. पाठ्यक्रम:- उज्जैन को स्पिरिचुअल सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में श्री गौरव धाकड़ द्वारा एम.बी.ए. पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे स्वीकृति प्राप्त हुई और नाम निर्धारण हेतु विद्या परिषद को प्रेषित किया गया। शैक्षणिक प्रोन्नति प्रक्रियाओं की समीक्षा:- श्री विश्वास व्यास द्वारा उठाए गए मुद्दों पर कार्यपरिषद ने आईक्यूएसी को 10 दिवस के भीतर संबंधित सभी प्रकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। विभिन्न प्रशासनिक मुद्दे:- डॉ. केशरसिंह चौहान द्वारा अतिथि विद्वानों की चयन प्रक्रिया, तो धाकड़ ने कर्मचारियों के नियमितीकरण एवं लंबित देयों के विषय में सुझाव दिए गए, जिन पर सतत् मॉनिटरिंग और अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। एजेंडा अध्ययन हेतु समय एवं प्रशासनिक कसावट:- आगामी विषयों पर चर्चा हेतु अगली बैठक 13 जून 2025 को आयोजित की जाएगी। कार्यवाही विवरण एवं अनुपालना में समयबद्धता:- पूर्व बैठकों की कार्यवाही में देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए कार्यपरिषद ने समयबद्ध संधारण सुनिश्चित करने का निर्णय लिया। गौरव धाकड़ द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को अनुसमर्थन करते हुए समस्त कार्य परिषद ने सर्वानुमति से निर्णय लिया कि इष्ट मूल्यांकन में योगदान हेतु समस्त शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक स्टाफ को उनके समर्पित योगदान हेतु कार्यपरिषद की ओर से प्रशस्तिपत्र प्रदान किए जाएंगे तथा इसे सेवा पंजी में दर्ज किया जाएगा। यह बैठक विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं नैतिक प्रतिबद्धताओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।

## संजीवनी हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क शिविर सफलतापूर्वक रहा









बाग नगर में मंगलवार को निःशुल्क शिविर जो नारायण जी झंवर व निसार जमील पठान के नेतृत्व में निमाड़ के सबसे विख्यात अस्पताल संजीवनी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के द्वारा रखा गया, जिसमें हास्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर, डॉ रश्मि पाटीदार, डॉ लखन पाटीदार, डॉ अश्विन पाटीदार, डॉ सौम्य जैन, डॉ दुर्गासीह चौहान, डॉ पुष्पेंद्र सहने, उपस्थित रहे हास्पिटल द्वारा शिविर में मोजुद मरिजो को निशुल्क दवाई वितरण, ब्लड टेस्ट, ब्लड शुगर, उपलब्ध कराई । वहीं शिविर में बाग ब्लाक मेडिकल आफिसर वर्माजी द्वारा आयुष्मान भारत के कार्ड के लिए सरकारी टीम बेठाई ओर एवं सिकल सेल्स कि जांच मरिजो को बीएमओ सर ने शिविर में उपलब्ध कराई । शिविर में करीब 200 से अधिक लोगों ने अपना ईलाज करवाया, साथ ही आयुष्मान कार्ड का भी लाभ लिया, जन सहयोग ग्राम पंचायत सहयोग जनपद पंचायत सहयोग एवं राजस्व अधिकारियों के सहयोग से निःशुल्क शिविर सफल रहा, यह शिविर नगर के मुख्य मार्ग स्थित माहेश्वरी धर्मशाला में रखा गया था,

शिविर में पधारे एस. डी. एम. सर विशाल धाकड़ जी, नायब तहसीलदार जागरसिंह रावत, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर वर्मा जी, जनपद पंचायत से आए अलावा जी, ग्राम पंचायत बाग सरपंच धर्मेंद्र बामनिया, जी एवं संजीवनी हास्पिटल टीम एवं सरकारी हास्पिटल कि टीम का । रोहीत झंवर मुस्लिम समाज से सलाम पठान एवं माहेश्वरी समाज से कृष्ण कांत ने दिल से स्वागत किया। वही शिविर में नारायण जी झंवर शराफत पठान, गौरव तापड़िया, शाहनवाज पठान, अनवर पठान, सचिन मकवाना, साहेब पठान, राजा पठान, सकलेन पठान, मन्नान पठान, हर्षित जैन शेहजाद भारती पत्रकार असलम शाह, जाफर खान,चयन जैन, अरुण जी शर्मा, सोहेल पठान, तल्हा शादाब, इरशाद भय्यु शाह, राजेश तापड़िया, दीपक मालवी, डॉ विक्की राठौड़, डा पटेल सर ,डॉ जाहिद खान, वकार खान गोल्डी , इद्रीस सर फारुख खत्री आदि का बहुत सहयोग रहा, वहीं डॉ रश्मि जी पाटीदार ने निसार पठान कि पूरी टीम ओर अतिथियों एवं राजस्व अधिकारियों को गिफ्ट दे कर स्वागत किया... एवं रश्मि पाटीदार ने कहा निसार भाई मेरे बड़े भाई है । भविष्य में जब भी बोलेंगे में निशुल्क शिविर रखुगी ।

एक सफल आयोजन के लिए शासकिय अधिकारी सरपंच सहाब रोहित भय्या एवं अतिथि ओर ग्राम वासियों समाज सेवी निसार पठान कि सराहना कि । निसार पठान ने कहा भविष्य में सर्व समाज से समाज सेवीयो कि एक टीम बनाई जायेगी । वह टीम पुरी तरह से मेडिकल संबंधित नि:शुल्क सेवाएं देगी एवं भविष्य जल्द ही एक बड़ा शिविर रखा जाएगा ।
अंत में भाई वकार खान गोल्डी ने सभी का आभार मानकर शिविर का समापन किया ।

# आत्महत्या की कोशिश करने वाले युवक को समय पर पहुंचाया अस्पताल

ब्यूरो चीफ राकेश सिंह
8226096301

बैतूल। जिले के थाना चोपना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में शुक्रवार 30 मई को एक 35 वर्षीय युवक संतोष कुशवाह ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल द्वारा तत्क्षण चोपना थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफ.आर.व्ही. वाहन को मौके पर रवाना किया गया। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एफ.आर.व्ही. वाहन में तैनात आरक्षक नीतेश भारतकर और पायलेट गोविंद तत्काल गोपालपुर गांव पहुंचे। मौके पर पहुंचकर उन्होंने देखा कि युवक की हालत गंभीर है। उन्होंने बिना देर किए पीड़ित युवक को एफ.आर.व्ही. वाहन की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ा डोंगरी पहुंचाया। डायल-112 की तत्परता के चलते युवक को समय पर उपचार मिल पाया। युवक द्वारा जहरीले पदार्थ सेवन करने के पीछे के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।




# थाना नीलगंगा में वाहनों की नीलामी से राजस्व प्राप्ति

उज्जैन के थाना नीलगंगा में लगातार तीसरे दिन 25 पुलिस एक्ट के अंतर्गत जप्त शेष बचे 50 दोपहिया वाहनों की नीलामी की गई। इस नीलामी से 167000 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

नीलामी से प्राप्त राजस्व

इसके पूर्व दिनांक 28/05/2025 को 21 चार पहिया वाहनों और 17 दो पहिया वाहनों की नीलामी से 505100 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। वहीं, दिनांक 29/05/2025 को 133 दो पहिया वाहनों की नीलामी से 541650 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था।

कुल राजस्व प्राप्ति

थाना नीलगंगा में कुल 221 वाहनों की नीलामी से 1213750 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। नीलामी की यह प्रक्रिया पुलिस विभाग द्वारा जप्त वाहनों को निपटाने और राजस्व प्राप्त करने के उद्देश्य से की गई थी।

# शादी के बाद मां की रोक-टोकज बेटे को अच्छी नहीं लगी, कुल्हाड़ी से काटकर की हत्या; शव जंगल में फेंका

उज्जैन–उज्जैन से एक हैरान करना वाला मामला सामने आया है. यहां एक कलयुगी बेटे ने अपनी मां की गला दबाकर हत्याकर दी. गला दबाने के बाद आरोपी बेटे को लगा की मां जिंदा बच सकती है तो मां का शरीर कुल्हाड़ी से काट दिया. वहीं मां की हत्या करने के बाद आरोपी बेटे ने शव को गद्दे में लपेटकर जंगल में फेंक दिया. आरोपी बेटे ने मां के शव को ठिकाने लगाने के लिए अपने साथियों की भी मदद ली थी. पुलिस ने आरोपी बेटे को अरेस्ट कर लिया है.

उज्जैन जिले के उन्हेल थाना क्षेत्र में हुआ जिसमें पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके दो साथी अभी फरार है. 27 मई को उन्हेल थाना क्षेत्र स्थित श्मशान के पास से पुलिस ने गद्दे में लिपटा हुआ एक महिला का शव बरामद किया था. जिसके गले पर निशान होने के साथ ही उसके शरीर से खून भी निकल रहा था. पुलिस



ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया और हत्याकांड की जांच में जुट गई.

**पुलिस ने आरोपी को किया अरेस्ट** मामले का खुलासा करते हुए एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि मृतका की पहचान करने के प्रयास किए गए तो उसके हाथ पर ? कमला बेन लिखा हुआ था. मृतका की जल्द से जल्द शिनाख्त हो सके और हत्यारों को गिरफ्तार किया जा सके. इसीलिए मृतका के फोटो सभी थानों में भिजवाए गए थे, जिसमें पुलिस को सफलता मिली. मृतका की शिनाख्त कमला बाई पति स्व. ईश्वर बागरी, निवासी ग्राम दुनालजा, थाना इंगोरिया के रूप में हुई, जो कि पिछले कुछ दिनों से घर से लापता थी. मृतका की शिनाख्त होने पर पुलिस टीम ग्राम दुनालजा पहुंची, जहां उन्होंने मृतिका की बेटी झूमा बाई एवं गायत्री समेत कई परिजनों से पूछताछ की तो हत्याकांड का खुलासा हो गया.

**आरोपी बेटे ने उगला सच** पुलिस को पूछताछ में पता चला कि मृतिका के पुत्र अर्जुन ने ही अपनी मां की हत्या की है जो कि गांव से गायब था और उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा था. इसके बाद थाना उन्हेल पुलिस ने मुखबिर और साक्ष्य के आधार पर आरोपी अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया. अर्जुन ने बताया कि शादी के बाद से ही उसकी मां लगातार रोक टोक करती थी. उसने कई बार मां को ऐसा न करने के लिए बोला था, लेकिन जब मां फिर भी नहीं मानी तो उसने मानसिक रूप से परेशान होकर मामा के लड़के रितेश के साथ मिलकर कमला बाई की गला घोंटकर हत्या की और बाद में कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी.

# सरपंच-सचिव की मिलीभगत से उजागर हुआ मनरेगा में भ्रष्टाचार, मासूम बच्चों और बुजुर्गों को बना दिया मजदूर



दमोह। जबेरा/नोहटा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगारों को साल में 100 दिन रोजगार देने का वादा करती है, लेकिन जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत डेलनखेड़ा और सुरई में इसका क्रियान्वयन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। सरपंच और सचिव की लीपापोती से मनरेगा योजना में बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है।

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डेलनखेड़ा पंचायत में 605 और सुरई पंचायत में 360 मजदूर पंजीकृत हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। मजदूरों को नियमित काम नहीं मिल रहा और उनके नाम पर बनाए गए मस्टर रोल पूरी तरह फर्जी पाए गए हैं।

फर्जी मस्टर रोल, फर्जी भुगतान

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने मासूम बच्चों, बुजुर्गों और ऐसे व्यक्तियों के नाम पर मस्टर रोल बनवाए हैं जो कभी कार्यस्थल पर नहीं गए। उनके खातों में मजदूरी की राशि भेजी जाती है, लेकिन फिर यह पैसा उनसे जबरन वसूला जाता है। मजदूरों ने बताया कि उन्हें खुद सरपंच या सचिव को यह पैसा लौटाना पड़ता है।

पलायन को मजबूर मजदूर

स्थानीय स्तर पर रोजगार न मिलने और भ्रष्टाचार के कारण कई ग्रामीण आज भी रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं। यह स्थिति शासन की योजनाओं की साख पर सवाल खड़ा करती है।

प्रशासन बेखबर, अधिकारी चुप

जबेरा जनपद के सीईओ को कॉल किया गया लेकिन उनका फोन पहले बिजी रहा, फिर उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। मनरेगा के एपीओ पुष्पेंद्र पटेल से भी संपर्क नहीं हो सका। वहीं पंचायत के इंजीनियर राजकरण वर्मा का कहना है, आपके माध्यम से जानकारी मिली है, अगर मौके पर जांच में लापरवाही पाई गई तो कार्यवाही की जाएगी।

जरूरत है निष्पक्ष जांच की

मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना में इस प्रकार की गड़बड़ी न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग है, बल्कि यह ग्रामीणों के अधिकारों का सीधा हनन है। शासन और प्रशासन को चाहिए कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि मनरेगा गरीबों के लिए एक भरोसेमंद योजना बनी रह सके।

# कुबरेश्वर महादेव मंदिर आलोट पर आज से होगी अखण्ड रामायण पाठ की शुरुआत



आलोट संवादाता अनिल भरावा श्री कुबरेश्वर धाम महादेव मंदिर पर मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर जहां आज प्रातः 10 बजै से पुजन अर्चन कर रामायण पाठ की शुरुआत मंदिर समिति द्वारा की जायगी वर्ष गांठ के कार्यक्रम में एक जून को सूबह 6 बजै अभिषेक होगा ओर दोपहर 12बजै अखण्ड रामायण पाठ की विश्रांति पर आरती कर महा प्रसादी वितरण कीया जायेगां मंदिर समिति द्वारा जानकारी देते हुवे बताया की कुब्रेश्वर धाम पर श्रावणमास में भी हर सोमवार को विशेष श्रृंगार किया जाता है ओर महा आरती की जाती है वहीं हर शिवरात्रि पर्व पर विशेष आयोजन समिति द्वारा आयोजित किया जाता है विगत दिनों शिवरात्रि पर्व पर सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया था जिसके 7 कन्याओ का व तूलशी विवाह का भी आयोजन हुआ था एवं भण्डारा भी किया गया था पिछले वर्ष समिति द्वारा कन्याओं का पूजन एवं भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया ओर मंदिर का भव्य स्वागत द्वार लगाया गया था समिति द्वारा आने वाले भक्तों एवं समिति सदस्यों के सहयोग से यहां सभी आयोजन होते रहते हैं सामूहिक विवाह में लगभग आठ लाख का खर्च समिति द्वारा किया गया ओर लगभग एक लाख रूपए समिति को बचत हूई जिसका संस्था ने बैंक में जमा कर बारह माह होने वाले आयोजन व मंदिर की व्यवस्था पर खर्च किया जाता है मंदिर समिति द्वारा लगभग एक सो बिस सदस्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता सालाना सदस्य बनाए हुए है जिसमें सभी का सहयोग समिति को मिलता है विगत दो वर्षों में विभिन्न आयोजन समिति ने जन सहयोग से किया गया है आगामी मंदिर समिति की बड़ी योजना पर विचार कर रही है

वही एक जून को भी महा आरती कर प्रसाद वितरण की जावेगी यह जानकारी समिति द्वारा दि गई है

# अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर सहित आरोपी पुलिस थाना खजराना की गिरफ्त मे

आरोपी के कब्जे से लगभग 150000 रुपये मूल्य की 12.8 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर एवं एक मोटर साइकिल बरामद ।

नशे की लत पूरी करने की नियत से सस्ते दामों पर खरीदकर, नशे के आदि अन्य लोगों को महंगे दामों पर बेचना कबूला है।

आरोपी से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी( खरीदीङ्कबिक्री ) के अन्य साथियों के संबंध में पुलिस रिमांड प्राप्त कर की जाएगी पूछताछ।

इंदौर ;- शहर मे अवैद मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी करने वालो एवं इन गतिविधियों ने लिप्त अपराधियों पर नियत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए है। उक्त निर्देशों के तारतम्य में पुलिस थाना खजराना द्वारा अवैध मादक पदार्थ के क्रयङ्कविक्रय व इनमें संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से असूचना संकलन कर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं।

इसी कड़ी में थाना खजराना पुलिस टीम द्वारा संदेहियो की तलाश एवं पतारसी खजराना क्षेत्र के अलगङ्कअलग स्थानो पर की जा रही है, जिसमे आरई 2 रोड खजराना इंदौर पर संदिग्ध दिखाई दिये, जो पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा आरोपी को पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम ( 1 ). सद्दाम पिता जाकिर शाह उम्र 33 साल निवासी मुर्गी केंद्र तंजीम नगर खजराना इंदौर।

6आरोपी 5 वी तक पढ़ा लिखा है और टाईल्स का कार्य करता है । ( 2 ) शाहरुख पिता स्व मोहम्मद शफीक उम्र 31 साल निवासी रोशन नगर खजराना इंदौर।

6आरोपी तीसरी तक पढ़ा लिखा है और टाईल्स का कार्य करता है । होना बताया।

पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध की नियमानुसार तलाशी लेते उसके पास से अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर होना पाया गया जिसका लगभग कुल वजन 12.8 ग्राम कीमती लगभग 120000 रुपये था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से अवैध ब्राउन शुगर 1 स्प्लेंडर मोटर साइकिल ( कीमती लगभग 30000 ) सहित लगभग 1.50 लाख रुपये कीमत की मश्रुका जप्त की गई। जिसके संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि ड्रग्स का नशा करने का आदि है, नशे की लत पूरी करने की नियत से सस्ते दामों पर खरीदकर, नशे के आदि अन्य लोगों को महंगे दामों पर बेचना कबूला है।

उक्त प्रकरण में आरोपी के कब्जे से लगभग 12.8 ग्राम ब्राउन शुगर, जप्त कर, आरोपियो के विरुद्ध थाना खजराना में धारा 8/21 ह्ळ्ङ्क एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना में लिया गया है, जिसके आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं । आरोपी से अवैध मादक पदार्थों के स्त्रोत व नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है, संलिप्त के आधार पर अन्य साथी आरोपियों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव, उनि. अनिल गौतम , सउनि गणेश मुजाल्दे, प्रआर. पंकज सांवरिया ,अजीत यादव,नरेश चौहान आर.प्रदीप सूर्यवंशी, शुभम सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## नालछा के शिकारपुरा गांव की दुर्गाबाई ने अपनाया एकीकृत कृषि मॉडल, सालाना कमा रहीं 6.83 लाख रुपए

धार /आदिवासी अंचल के एक छोटे से गांव की महिला किसान ने परंपरागत खेती से आगे बढ़कर एकीकृत कृषि मॉडल अपनाकर न केवल अपनी बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सशक्त किया है, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। यह कहानी है नालछा ब्लॉक के शिकारपुरा गांव की दुर्गाबाई पति बच्चूसिंह की, जिन्होंने खेती के क्षेत्र में नवाचार करते हुए सालाना 6.83 लाख रुपए की आय अर्जित कर एक मिसाल कायम की है।

दुर्गाबाई ने अपनी डेढ़ हेक्टेयर भूमि पर परंपरागत फसलों के साथ–साथ उद्यानिकी फसलें लगाईं और आय के विविध स्रोत तैयार करने के उद्देश्य से पोल्ट्री व डेयरी यूनिट की भी शुरुआत की। उन्होंने देशी मुर्गी पालन के साथ–साथ कड़कनाथ नस्ल की पोल्ट्री भी विकसित की है। वर्तमान में उनके पास 238 कड़कनाथ मुर्गियां, 88 देशी मुर्गियां और 66 बकरियां हैं, जिनसे उन्हें सालाना 4.54 लाख रुपए की आय प्राप्त हो रही है।खेती–किसानी से जुड़े इस नवाचार और सतत प्रयासों के चलते दुर्गाबाई को वर्ष 2022 में 'कृषक फेलो अवार्ड' से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें जबलपुर स्थित जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के उद्घाटन सत्र में प्रदान किया गया, जो उनके कृषि क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट योगदान का प्रतीक है।कक्षा 12वीं तक शिक्षित दुर्गाबाई ने कृषि वैज्ञानिकों से मार्गदर्शन लेकर तकनीकी खेती की ओर कदम बढ़ाए हैं। कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के सहयोग से उन्होंने 2 किलो उन्नत सोयाबीन बीज रेज्ड बेड पद्धति से बोए और 2.50 क्विंटल उत्पादन प्राप्त किया। इस उन्नत बीज को दुर्गाबाई ने आगे 16 गांवों के 145 किसानों तक पहुंचाया, जिससे क्षेत्रीय स्तर पर उन्नत खेती को बढ़ावा मिला है।कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएस चौहान के अनुसार, दुर्गाबाई ने तकनीक से जुड़ने का संकल्प लेकर जो कार्य आरंभ किया है, वह न केवल सराहनीय है, बल्कि छोटे किसानों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण है। उनका यह एकीकृत कृषि मॉडल ग्रामीण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और टिकाऊ कृषि का बेहतरीन नमूना बन गया है।

## निराश्रित बच्चों का सर्वे अभियान के तहत बच्चों की जानकारी लेंगे

धार, / स्ट्रीट चिल्ड्रन, देखरेख संरक्षण की आवश्यकता वाले, पन्नी–कबाड़ बिनने वाले बच्चों के चिन्हांकन एवं उन्हे शासन की पुनर्वास योजनाओ से जोड़ने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत् जिला स्तरीय दल द्वारा शुक्रवार को शहर में नाबालिग बच्चों के काम करने की संभावना हो सकती, जैसे चाय टपरिया, घुमटिया, मोटरबाईक गेरेज, रद्दी कबाडा व्यवसायियों के दुकानो पर जाकर सर्वे किया एवं बच्चो की जानकारी ली । जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सुभाष जैन द्वारा बताया गया कि सर्वे दल द्वारा आज घोड़ा चौपाटी के पास की चाय की दुकानो एवं छत्रीबाग क्षेत्र में स्थित मोटरबाईक गेरेजों पर कुछ बच्चे दिखाई दिये। दल द्वारा बच्चों के संबंध में पुछताछ की गई। जिसमें ज्ञात हुआ कि बच्चों के माता–पिता है, बच्चों के पिता वहीं पर काम करते है, कुछ शॉप ओनर है, उनके द्वारा बताया गया कि वे बच्चे उन्ही के है, इनका स्कूल मे एडमीशन है तथा वर्तमान में ग्रीष्मकालिन अवकाश होने से बच्चों को काम सिखाने के लिए साथ ले आते है ।बच्चों के पिता को समझाईश दी गई कि वे बच्चों से काम नहीं करवाये। इसके बाद से वे रोड पर काम करते फालतु घुमते पाए गए तो बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष भेजने की कार्यवाही करेंगे। उन्होंने बताया कि यह अभियान निरंतर चलाया जायेगा एवं अभियान में ऐसे निराश्रित बच्चों की खोज की कार्यवाही की जा रही है एवं निराश्रित श्रेणी के बच्चे पाये जाने पर बाल कल्याण समिति के माध्यम से उनके पुर्नवास की कार्यवाही की जायेगी एवं शासन की योजनाओ का लाभ दिलवाये जाने का प्रयास किया जायेगा । सर्वे दल में बाल संरक्षण इकाई से बाल संरक्षण अधिकारी बलराम ठाकुर, बाल संरक्षण अधिकारी करण भंवर, नितेंष भिडें आउटरिच वर्कर एवं उमेश ठाकुर समम्मिलित थे। श्रम विभाग से प्रिया जोनवाल श्रम निरीक्षक व रूपक सांवले श्रम निरीक्षक सम्मिलित रहे ।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 31 मई को

धार, जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल निगम की अपर नर्मदा समूह जल प्रदाय योजना के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में 31 मई को दोपहर 3.00 बजे जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कलेक्टर सभाकक्ष आयोजित की जायेगी।

# ग्राम-मेलखेड़ा,शामगढ़,मंदसौर घर पर छापा मारकर 11.120 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया

## एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

कोटा/ मंदसौर । मादक पदार्थ विरोधी अभियान जारी रखते हुए, केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन) भवानीमंडी सेल के अधिकारियों ने 29 मई 2025 को ग्राम–मेलखेड़ा तहसील–शामगढ़ जिला–मंदसौर (म.प्र.) में स्थित एक घर पर छापा मारा और 11.120 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया तथा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन.) राजस्थान के उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा श्री नरेश बुन्देल के मार्गदर्शन में यह कार्यवाही की गई। उन्होने बताया की (सी.बी.एन) को एक विशेष सूचना मिली की एक व्यक्ति ने ग्राम मेलखेड़ा, तहसील–शामगढ़, जिला–मंदसौर (म.प्र.) में स्थित अपने घर पर भारी मात्रा में गांजा संग्रहीत कर छुपा कर रखा है।

उन्होने बताया की सीबीएन भवानीमंडी सेल के अधिकारियों की एक टीम 29 मई 2025 को उक्त घर पर छापा मारा और गांजा से भरे 02 बैग बरामद किए, जिनका कुल वजन 11.120 किलोग्राम था। कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात बरामद अवैध गांजा को एन.डी.पी.एस. अधिनियम, 1985 के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत जब्त कर लिया गया है तथा उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

उन्होने बताया की केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन) अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ इसी तरह की कठोर कार्यवाही जारी रखेगा ताकि राज्य में नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जा सके।

उन्होने बताया की यदि किसी के पास नशा एवं मादक पदार्थ की तस्करी से संबंधित कोई जानकारी हो तो वह सीबीएन के नियंत्रण कक्ष पर 0744-2438928 या व्हाटसएप नंबर 8764748232 पर संपर्क कर सकता है या ई मेल dnc-kota@cbn.nic.in पर भी जानकारी साझा कर सकता है। जानकारी देने वाले का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा।

## देशभर के विद्यार्थियों के लिए इसी शैक्षणिक सत्र से विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में शुरू हो रहा है डेयरी टेक्नोलॉजी का पाठ्यक्रम

**विश्वविद्यालय में बी.टेक डेयरी टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम के शुभारंभ के साथ जल्द शुरू होने जा रही है प्रवेश प्रक्रिया**

**बी.टेक डेयरी टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन माध्यम से आयोजित की जाएगी**

**डेयरी उद्योग में अपना करियर बनाने वाले विद्यार्थियों के लिए विक्रम विश्वविद्यालय देने जा रहा है महत्वपूर्ण सौगात**

उज्जैन, ।विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन शैक्षणिक सत्र 2025 - 26 से डेयरी टेक्नोलॉजी में बी.टेक (बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी) स्नातक पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस संबंध में तैयारी कर दी है और प्रवेश प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। यह पाठ्यक्रम उन छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर होगा जो डेयरी उद्योग में अपना करियर बनाना चाहते हैं। डेयरी टेक्नोलॉजी कृषि विज्ञान और इंजीनियरिंग का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जिसमें दूध उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और वितरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं का अध्ययन किया जाता है। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को डेयरी फार्म प्रबंधन, पशु पोषण, दूध रसायन विज्ञान, डेयरी उत्पादों के निर्माण और गुणवत्ता नियंत्रण जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करने का मौका मिलेगा। विश्वविद्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बी.टेक डेयरी टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन माध्यम से आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा जून माह में संभावित है, जिसमें मध्य प्रदेश और देश भर के छात्र भाग ले सकेंगे। विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि इस पाठ्यक्रम के माध्यम से कुशल और प्रशिक्षित पेशेवर तैयार किए जाएं जो डेयरी उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। कक्षाएं जुलाई माह से प्रारंभ होंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश प्रक्रिया और पाठ्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी जल्द ही विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराने की बात कही है। इच्छुक छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें। इस नए पाठ्यक्रम के शुरू होने से विक्रम विश्वविद्यालय कृषि और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करेगा, साथ ही छात्रों के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

## प्रो.रूबल वर्मा के अकादमिक योगदान की पुस्तक फ्एक युगद्रष्टा शिक्षाविद की बौद्धिक विरासत और दूरदर्शिता की अमूल्य झलक प्रस्तुत करती है-कुलगुरू प्रो अर्पण भारद्वाज

## स्व. प्रो. डॉ. रूबल वर्मा की स्मृति में प्रकाशित पुस्तक- ट्रांसेंडिंग टाइम डिफाइंग स्पेस का विमोचन विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन में सम्पन्न

उज्जैन, । सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् ,विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के प्रोफेसर स्वर्गीय डॉ. रूबल वर्मा की स्मृति में आयोजित समारोह में उनकी स्मृति को समर्पित पुस्तक ट्रांसेंडिंग टाइम डिफाइंग स्पेस का विमोचन विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन विद्वत्सम्मान, भावनात्मक श्रद्धांजलियों और देशभर के प्रतिष्ठित शिक्षकों की उपस्थिति के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने प्रो. वर्मा के अकादमिक योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुस्तक फ्एक युगद्रष्टा शिक्षाविद की बौद्धिक विरासत और दूरदर्शिता की अमूल्य झलक प्रस्तुत करती है।फ्र समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर आर.आर. मिश्रा ने स्व. प्रो. वर्मा के शिक्षा क्षेत्र में अमूल्य योगदान का उल्लेख करते हुए उन्हें एक प्रेरणास्त्रोत व्यक्तित्व बताया। उन्होंने युवा शोधार्थियों से आह्वान किया कि वे प्रो. वर्मा के कार्यों और विचारों से मार्गदर्शन लें। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रोफेसर नागेश्वर राव एवं प्रोफेसर बी.के. शर्मा ने प्रो. वर्मा के साथ अपने अनुभव साझा किए तथा उनकी विद्वत्ता और सादगी की सराहना की। पुस्तक की प्रधान संपादक प्रोफेसर अचला शर्मा थीं, जिनके संपादकीय मार्गदर्शन एवं परिश्रम से यह ग्रंथ आकार ले सका। यह कृति प्रो. वर्मा के दार्शनिक विचारों और शिक्षण दृष्टिकोण को अभिव्यक्त करती है समारोह के संयोजक अंग्रेज़ी अध्ययनशाला की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अंजना पांडेय एवं प्रोफेसर बी.के. आंजना रहे, जिन्होंने आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन सुश्री मिति शर्मा ने किया।समारोह का समापन डॉ. रोनाल्ड फ्रेंकलिन द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी आगंतुकों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह किताब न केवल स्व. प्रो. डॉ. रूबल वर्मा को एक श्रद्धांजलि है, अपितु यह पुस्तक भावी पीढ़ी के शोधकर्ताओं एवं शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी।

# शेयर बाजार में लौटी हरियाली, सेंसेक्स 321 अंक चढ़ा, निफ्टी 24800 के पार पहुंचा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को हरियाली लौट आई। उतार-चढ़ाव भरे सत्र के बाद प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन सेंसेक्स 320.70 अंक चढ़कर 81,633.02 पर जबकि निफ्टी 81.15 अंक बढ़कर 24,833.60 पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे गिरकर 85.50 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ। बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में दो दिन की गिरावट के बाद गुरुवार को तेजी आई। ऐसा अमेरिकी अदालत की ओर से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ को रोकने के फैसले के बाद वैश्विक बाजारों में बने सकारात्मक महौल के कारण संभव हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 320.70 अंक या 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81,633.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 504.57 अंक या 0.62 प्रतिशत चढ़कर 81,816.89 अंक पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 81.15 अंक या 0.33 प्रतिशत बढ़कर 24,833.60 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक में 2.41 प्रतिशत की तेजी आई। बाजार नियामक सेबी ने बैंक के पूर्व सीईओ सुमंत कठपालिया और चार अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को बैंक के शेयरों में कथित अंदरूनी व्यापार के संबंध में प्रतिभूति बाजार में प्रवेश से रोक दिया था।

सन फार्मा, अडानी पोर्ट्स, इटरनल, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक भी लाभ में रहे। बजाज फाइनेंस, आईटीसी, बजाज फिनसर्व और एशियन पेंट्स पिछड़ने वालों में शामिल थे। निवेशकों ने अमेरिकी संघीय न्यायालय की ओर से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आयात पर व्यापक पारस्परिक टैरिफ को रोकने के निर्णय सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

अमेरिकी न्यायालय की ओर से ट्रम्प की पारस्परिक कर नीति को रद्द करने के बाद वैश्विक बाजार की धारणा में सुधार हुआ। हालांकि, तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड की यील्ड बढ़ने के कारण घरेलू बाजार दिन के दौरान ज्यादातर सीमित दायरे में रहा। सत्र के अंत में कुछ सुधार देखा गया, जो एफएंडओ एक्सपायरी को देखते हुए हुए कवरिंग के कारण हुआ।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ह्वव्यापारिक तनाव कम होने की उम्मीद से आईटी और फार्मा जैसे निर्यात-केंद्रित क्षेत्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया है।ह्व एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 4,662.92 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी। साथ ही, रिजर्व बैंक ने कहा कि देश वित्त वर्ष 2026 में भी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के कारण अप्रैल 2025 में भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि धीमी होकर 2.7 प्रतिशत रह गई। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.42 प्रतिशत बढ़कर 65.82 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बुधवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक 239.31 अंक या 0.29 प्रतिशत गिरकर 81,312.32 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 73.75 अंक या 0.30 प्रतिशत गिरकर 24,752.45 अंक पर बंद हुआ। अब बात करते हैं सराफा बाजार की। गुरुवार को घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। 24 कैरेट सोना 870 रुपए टूटकर 94,830 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 86,864 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। चांदी भी सस्ती हुई है। 218 रुपए की गिरावट के साथ यह अब 97,664 रुपए प्रति किलो के स्तर पर आ गई है। कीमती धातुओं में यह गिरावट निवेशकों के लिए खरीद का मौका हो सकती है।

# दो दिन की गिरावट के बाद उछला सोना, चांदी के भाव में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** लगातार दो दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ है। सोना आज 250 रुपये से लेकर 270 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। भाव में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,310 रुपये से लेकर 97,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,200 रुपये से लेकर 89,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 97,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,310 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,310 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,310 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 97,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 89,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# नौ साल बाद आईपीएल के फाइनल में पहुंची आरसीबी, पंजाब किंग्स को 60 गेंदें शेष रहते हराया

गेंदबाजों के बाद फिल सॉल्ट के अर्धशतक की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब किंग्स को हराकर आईपीएल 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। आरसीबी ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और पंजाब की टीम को 14.1 ओवर में महज 101 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में आरसीबी ने 10 ओवर में दो विकेट पर 106 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

## पंजाब के पास एक और मौका

आरसीबी की टीम अब अपना पहला खिताब जीतने से एक कदम दूर है। पंजाब की टीम के पास हार के बावजूद खिताबी मुकाबले में प्रवेश करने के लिए एक मौका है। ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के कारण पंजाब को एक अतिरिक्त मौका मिलेगा। पंजाब का सामना क्वालिफायर-2 में रविवार को गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच शुक्रवार को होने वाले एलिमिनेटर की विजेता टीम से होगा। अगर पंजाब वो मुकाबला जीतने में सफल रही तो फाइनल में पहुंच जाएगी जहां उसका सामना तीन जून को अहमदाबाद में आरसीबी से होगा।

## चौथी बार फाइनल में आरसीबी




आरसीबी ने इसके साथ ही आईपीएल के फाइनल में पहुंचने का अपना नौ साल का सूखा समाप्त कर दिया है। आरसीबी आखिरी बार 2016 में खिताबी मुकाबले में पहुंची थी और तब से वह खिताबी मुकाबले में प्रवेश करने के लिए संघर्ष कर रही थी। पिछले सीजन आरसीबी का सफर एलिमिनेटर में ही समाप्त हो गया था, लेकिन इस बार टीम के पास खिताब जीतने का सुनहरा मौका है। आरसीबी ने 2009, 2011, 2016 में भी फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन तब टीम को हार का सामना करना पड़ा था।

## सॉल्ट का दमदार प्रदर्शन

कम लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने विराट कोहली का विकेट जल्द गंवा दिया था जो 12 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 12 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सॉल्ट और मयंक यादव ने पारी आगे बढ़ाई और टीम को जीत के करीब लेकर गए। हालांकि, मुशीर खान ने मयंक को श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेजा। मयंक 13 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 19 रन बनाकर आउट हुए। सॉल्ट टिके रहे और उन्होंने 23 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। यह आरसीबी के लिए आईपीएल प्लेऑफ में सबसे कम गेंदों पर बनाया गया पचासा है। सॉल्ट ने इस मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 25 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था।

सॉल्ट यहीं ही नहीं रुके और टीम को जीत दिलाने तक क्रीज पर टिके रहे। कप्तान रजत पाटीदार ने मुशीर खान की गेंद पर छक्का लगाकर टीम को खिताबी मुकाबले में पहुंचाया। सॉल्ट 27 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्के की मदद से 56 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि पाटीदार ने आठ गेंदों पर एक चौके और एक छक्के के सहारे 15 रन बनाए।

# फुटबॉल स्टार माराडोना की मौत मामले में नया मोड़ अर्जेंटीना की अदालत ने सुनवाई को बताया गलत

फुटबॉल स्टार डिएगो माराडोना की मौत मामले में नया मोड़ आया है। अर्जेंटीना की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को माराडोना की मौत मामले में चल रही सुनवाई को गलत बताया और उसे फिर से शुरू करने का फैसला किया। इस मामले में सात स्वास्थ्य पेशेवरों और मेडिकल स्टाफ पर माराडोना की मौत को लेकर लापरवाही का आरोप है। यह फैसला तब आया जब मुकदमे की निगरानी कर रहे तीन जजों में से एक जूलियट मैकिन्टैच ने खुद को एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म में शामिल दिखाए जाने के कारण केस से हटने का फैसला किया। डॉक्यूमेंट्री का नाम डिवाइन जस्टिस है। इसमें मैकिन्टैच को मुख्य किरदार के तौर पर दिखाया गया है। डॉक्यूमेंट्री में उनकी भागीदारी को लेकर उन पर पक्षपात के आरोप लगे, जिसके चलते उन्होंने पद छोड़ दिया।

**नए सिरे से सुना जाएगा पूरा केस**
मैकिन्टैच के पद छोड़ने के बाद अदालत को तय करना था कि उनके स्थान पर एक नया न्यायाधीश नियुक्त किया जाए या पूरे मामले की नए सिरे से सुनवाई हो। बृहस्पतिवार को न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया कि पूरा केस नए सिरे से सुना जाएगा। अदालत के इस फैसले के बाद उस कार्यवाही पर प्रभावी रूप से रोक लग गई, जिसमें माराडोना की मेडिकल टीम पर उनके अंतिम दिनों में पर्याप्त देखभाल प्रधान करने में विफल रहने का आरोप लगाया गया था। हालांकि, न्यायाधीशों ने यह नहीं बताया कि नया मुकदमा कब शुरू होगा।

**उनके पास इस्तीफा देने के अलावा कोई विकल्प नहीं था- मैकिन्टैच** जूलियट मैकिन्टैच ने कहा कि उनके पास मंगलवार को मामले से इस्तीफा देने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। अभियोजक ने एक डॉक्यूमेंट्री- डिवाइन जस्टिस का टीजर-ट्रेलर दिखाया, जो 60 वर्ष की आयु में माराडोना की मृत्यु के बाद की घटनाओं को दर्शाता है। इस डॉक्यूमेंट्री में स्पष्ट रूप से मैकिन्टैच को मुख्य भूमिका में दिखाया गया है।

# पदक के बजाय समय पर ध्यान देना महत्वपूर्ण था, स्वर्ण जीतने के बाद बोलीं ज्योति




भारत की फर्राटा धाविका ज्योति याराजी ने स्वीकार किया कि वह 100 मीटर बाधा दौड़ में अपना खिताब बचाने के लिए तनाव में थीं, लेकिन पदक के बजाय समय पर ध्यान देने से उन्हें शांत रहने में मदद मिली। उन्होंने गुरुवार को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। आंध्र प्रदेश की इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने 12.96 सेकंड का समय निकाला जो प्रतियोगिता का नया रिकॉर्ड है। पिछला रिकॉर्ड 13.04 सेकंड का था, जिसे 1998 में कजाकिस्तान की ओल्गा शिशिगिना और 2011 में चीन की सन यावेई ने बनाया था।

एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता योति एशियाई चैंपियनशिप की 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक का बचाव करने वाली पांच एथलीटों के चुनिंदा क्लब में शामिल हो गईं। उनसे पहले यह उपलब्धि जापान की एमी अकीमोटो (1979, 1981, 1983) तथा चीन की तीन खिलाड़ियों झांग यू (1991, 1993), सु यिनपिंग (2003, 2005) और सुन यावेई (2009, 2011) ने हासिल की थी।

ज्योति ने बाद में कहा, निश्चित तौर पर मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना था, लेकिन मैंने टाइमिंग पर ध्यान केंद्रित किया क्योंकि जब आप पदक पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप दबाव महसूस करते हैं। इसलिए मैंने समय के बारे में सोचते हुए इसे सकारात्मक पक्ष में बदल दिया और यह वास्तव में काम आया।

मालिक पूजा भट्ट के लिए प्रकाशक मुद्रक शानू महेश्वरी द्वारा 141 गिरिराज कॉलोनी कानी पुरा रोड उजैन मध्य प्रदेश से प्रकाशित कर उदय रत्न ऑफसेट 110 /02 दारू गोडाउन के आगे आगर रोड उजैन मध्य प्रदेश से मुद्रित संपादक -शानू माहेश्वरी मोबाइल नंबर - 19 14826006, 8643056464, 9115154444 ( सभी विवाद का न्याय क्षेत्र उजैन मध्य प्रदेश रहेगा)कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)